

## एक नजर में

### हर दिन श्रमदान से बदल रही शिवना नदी की तस्वीर : विधायक विपिन जैन



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 110वें दिन शनिवार सुबह शिवना नदी तट पर श्रमदानियों का उत्साह देखने लायक रहा। अभियान में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों, पत्रकारों, ग्रामीणजनों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर नदी की सफाई में श्रमदान किया। अभियान के दौरान नदी से 4 ट्रॉली कचरा एवं प्लास्टिक अपशिष्ट बाहर निकाला गया। साथ ही नदी किनारे उगी गाजर घास एवं अन्य अवांछित वनस्पतियों को भी हटाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि लगातार हो रहे सामूहिक श्रमदान से शिवना नदी की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक उदाहरण बन चुका है। उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा आमजन का निरंतर सहयोग अभियान को नई ऊर्जा दे रहा है। विधायक श्री जैन ने जिलेवासियों से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित होने वाले शिवना शुद्धिकरण अभियान में शामिल होकर श्रमदान करने की अपील भी की। अभियान में विधायक विपिन जैन सहित समाजसेवी, पत्रकार संगठन के सदस्य, विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए ग्रामीणजन, महिला नेत्रियां एवं कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने का संकल्प दोहराया।

### ग्राम धलपट और जमुनिया में लगा आयुष्मान आरोग्य शिविर

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमुनिया एवं ग्राम धलपट में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक वर्ग, विशेषकर उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं टीबी जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान करना रहा। शिविर के दौरान टीबी जागरूकता अभियान अंतर्गत उपस्थित ग्रामीणों को टीबी शपथ दिलाई गई। ब्लॉक सीतामऊ के सुवासरा यूनिट के सी एच ओ द्वारा ग्रामीणों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करते हुए इसके प्रमुख लक्षणों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि लगातार कई दिनों तक खांसी आना, भूख न लगना, वजन में कमी होना, रात में पसीना आना तथा बुखार बने रहना टीबी के संभावित लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी एक पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। बलगम जांच में पॉजिटिव आने पर 6 माह तक नियमित उपचार से मरीज पूर्णत: स्वस्थ हो सकता है। साथ ही शासन द्वारा मरीजों को उपचार अवधि के दौरान प्रति माह एक हजार रुपये की पोषण सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। शिविर में आए नागरिकों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें टीबी स्क्रीनिंग हेतु एक्स-रे के माध्यम से संदिग्ध एवं पूर्व उपचाररत मरीजों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, रक्त शर्करा एवं बीएमआई सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए।



## महाराणा प्रताप जयंती पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**मंदसौर।** राजपूत सिंह समाज जिला मंदसौर के संयोजक महेंद्र प्रताप सिंह परिहार पूर्व टीआई ने बताया कि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार आज 9 मई 1540 को भारत के सपूत वीर शिरोमणि हिंदुजा सम्राट महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था पूरे देश में आज के दिन महाराणा प्रताप जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस तारतम्य में आज मंदसौर में राजपूत सिंह सभा के बैनर तले शहर के संगठन दशपुर जागृति संगठन, धार्मिक उत्सव समिति, जिला राजपूत समाज एवं अन्य संगठनों के द्वारा महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर महाराणा प्रताप जी को और उनके घोड़े चेतक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धूमधाम से जयंती मनाई गई।

इस दौरान उपस्थित संगठनों के प्रमुखों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वीरता और पराक्रम के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के द्वारा जिस प्रकार से अधर्मी मुगल सम्राट अकबर का अदम्य साहस और शौर्य पूर्वक मुकाबला किया गया था उनकेशौर्य और बलिदान को याद किया गया। जिस प्रकार से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के द्वारा अपने स्वाभिमान को आज नहीं आने दी गई थी इसी प्रकार से आज हम सभी अपने स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए तत्पर रहे।

कार्यक्रम में राजपूत सिंह सभा के वरिष्ठ राघवेंद्र सिंह तोमर, बृजेंद्र सिंह चौहान, हरनाथ सिंह चौहान, गजराज सिंह चौहान, सहदेव सिंह चौहान, एडवोकेट सत्येन्द्र सिंह सोम, राजेंद्र सिंह तोमर, पुष्पा राठौ?, जिला राजपूत संगठन के श्री बालू सिंह सिसोदिया, दशपुर जागृति संगठन के उपाध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, संरक्षक रविंद्र पांडे, जिला धार्मिक उच्च समिति के संयोजक विनोद मेहता, जिला अध्यक्ष वरदीचंद कुमावत, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, पुलिस पेंशनर संघ के शंभूसिंह चुंडावत, राधेश्याम परमार एवं श्री रहीमबेग आदि उपस्थित थे। सभी के द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप अमर रहे-अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा राणाजी तेरा नाम रहेगा" आदि नारे लगाकर याद किया गया।




## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संस्थापक हेनरी डुनेंट का स्मरण दिवस मनाया




**मंदसौर।** आज इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट के जन्म की वर्षगांठ है। पहला अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस 8 मई 1948 से मनाया जा रहा हैं।

यह बात वरिष्ठ पत्रकार एवं जिला प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष, पूर्व डायरेक्टर प्रकाश सिसोदिया ने कही। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संस्थापक हेनरी डुनेंट के चित्र पर पुष्पमाला पहनाई गई व उनका स्मरण किया गया।

पूर्व डायरेक्टर सिसोदिया ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एक स्वैच्छिक मानवीय संगठन है, जिसकी पूरे देश में 1200 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क है, जो आपदाओं/आपात स्थितियों के समय राहत प्रदान करता है और कमजोर लोगों और समुदायों के स्वास्थ्य और देखभाल को बढ़ावा देता है। सिसोदिया ने कहा कि मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता ये सात मूलभूत सिद्धांत एक नैतिक, परिचालन और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का संस्थागत ढांचा हैं। इस अवसर पर उपस्थित अभा पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेंद्र उदिया एवं भाजपा नेता श्री दीपक मांदलिया बसई ने भी अपनी शुभकामनाएं दी।

## गायों को खिलाया गुड़ और हरा चारा

**मन्दसौर। अ.भा. श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद शाखा मंदसौर के तत्वावधान में गुरुदेव पुण्य सम्राट आचार्य देवेश श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. की 109 वी मासिक पुण्य तिथि के अवसर पर श्री गोपालकृष्ण गोशाला मे गायो को हरे चारे एवं गुड़ का आहार कराया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर नवकार महामंत्र का स्मरण कर किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय कार्यकरिणी सदस्य श्रेयांश हिंगड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंदसौर परिषद द्वारा विगत वर्षों से जीव दया एवं मानव सेवा का जो प्रकल्प कर रहे हैं वो अनुमोदनीय है। परिषद अध्यक्ष अजय कुमार फाफरिया ने अपने उद्बोधन में आचार्य श्री जयंत सेन सुरीश्वर जी म.सा. के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुण्य सम्राट आचार्य श्री जयंत सेन सूरीश्वरजी जी म.सा. ने अपने जीवन में 66 वर्षों तक त्रिस्तुतिक श्री संघ पर अनेक उपकार किए हैं आज हम सभी आपकी पुण्यतिथि पर जीव दया कर आपके श्री चरणों में वंदन करते हैं। परिषद महामंत्री कमलेश सालेचा ने कहा कि विगत 4 वर्षों से परिषद परिवार प्रति माह की पुण्य सप्तमी पर गोशाला में गायो को गुड़ और हरे चारे का आहार लाभार्थी परिवार के सहयोग से कराया जा रहा है। जीव दया कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार बाबूलाल राजेंद्र कुमार पोरवाल हिंगवाला परिवार का उपस्थित अतिथियों ने बहुमान किया। इस अवसर पर परिषद के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार डोसी, श्री संघ के वरिष्ठ श्री मनोहरलाल सोनगरा मनीष मारू, तरुण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश बाफना, परिषद सह कोषाध्यक्ष जयेश डांगी, अपूर्व डोसी, कुलदीप मारवाड़ी, विशाल हिंगड़, गौरवजी सुराणा, निर्मल खाबिया, नवीन पोरवाल, अरविंद पोरवाल, गोपाल भदादा, मांगीलाल पोरवाल, बहादुर आदि उपस्थित थे। संचालन परिषद महामंत्री कमलेश सालेचा ने किया

**एक नजर** | नगरभर में जगह-जगह किया गया आत्मीय स्वागत

## महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य वाहन रैली

**पिपलियामण्डी।** नगर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और गौरव के साथ मनाई गई। राजपूत समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर भव्य वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवक, समाजजन एवं महिलाएं शामिल हुए। नगर महाराणा प्रताप के जयघोषों और देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी उद्यान से की गई, रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। रैली में युवाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला। हाथों में भगवा ध्वज व महाराणा प्रताप की तस्वीर के साथ समाजजन देशभक्ति एवं शौर्य के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। रैली गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई। अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के पूर्व सदस्य तेजपालसिंह धाकड़ी ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के गौरव हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि और स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया। उनके जीवन से युवाओं को संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। नारायणसिंह चिकलाना ने कहा कि इतिहास में महाराणा प्रताप का नाम स्वाभिमान, शौर्य और अदम्य साहस के प्रतीक के रूप में सदैव अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रताप और अकबर के बीच संघर्ष किसी जाति विशेष का नहीं, बल्कि स्वधर्म, संस्कृति और आत्मसम्मान की रक्षा का युद्ध था। महाराणा प्रताप का जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में दशरथसिंह, केके सिंह भाटी, सामन्तसिंह शक्तावत, दुर्गेशकुंवर भाटी (जीजा) सज्जनसिंह (पूर्व अध्यक्ष तहसील मल्हारगढ़), मानसिंह शक्तावत (अध्यक्ष मल्हारगढ़), भारतसिंह चौहान (संरक्षक), रघुनाथसिंह शक्तावत (पूर्व तहसील अध्यक्ष मल्हारगढ़), भारतसिंह सोनगरा (संरक्षक), संदीपसिंह राठौड़ (संरक्षक) आदि ने विचार रखे।



# नीमच

## एक नजर में

### डॉ. मनोहर गुजरिया जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ कांग्रेस के फिर अध्यक्ष नियुक्त



**नीमच।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संदीप पाठक, प्रदेश सचिव डॉ आदित्य पंडित के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती की अनुशंसा पर डॉ मनोहर गुजरिया नीमच को सेवा कार्यों को ध्यान में रखते हुए पुन: कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार डॉ मनोहर गुजरिया अपनी कार्यकारिणी को पुनर्गठित करके प्रदेश में जनता एवं कांग्रेस संघठन के बीच में चिकित्सा सेवाओं द्वारा एक सेतु बंध का कार्य करेंगे। आपकी सेवा द्वारा कांग्रेस पार्टी के माध्यम चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में से समाज के अंतिम व्यक्ति निरोगी एवं स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यकता अनुसार सहायता और पीड़ित मानवता की सेवा के कार्य को निस्वार्थ भाव से आगे बढ़ाएंगे।

### सीआरपीएफ ने शहीद के बलिदान को किया नमन



**नीमच।** देश के अमर वीर शहीदों के आत्म-बलिदान को नमन कर कृतज्ञता प्रकट करना तथा उनके परिजनों को सर्वोपरि सम्मान देना, प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है, क्योंकि वीरों के बलिदान में परिवार का अति महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमारी आने वाली युवा पीढ़ी को अपने देश के वीरों की शहादत के प्रति गौरव की अनुभुति होनी चाहिए। स्मरण रहे कि कर्तव्य की बलि वेदी पर अपने प्राणों को सर्वस्व न्यौछावर करने वाले क्रमश: हरदा जिले के ग्राम शाल्याखेडी एवं खरगौन जिले के ग्राम बघाड़ी निवासी सीआरपीएफ के अमर वीर बलिदानी सिपाही इलाप सिंह पटेल तथा सिपाही संतोष चौहान ने वर्ष 2010 में 168 बटालियन में तैनाती के दौरान आज ही के दिन 08/05/2010 में आंतकियों से डटकर मुकाबला करते हुए माँ भारती की सेवा में अपने प्राणों को आहुति दी थी। इसी कडी में ग्रुप केन्द्र, सीआरपीएफ, नीमच द्वारा अप्रतिम पहल करते हुए उन शहीदों की पुण्य तिथि पर उनके स्मरण तथा शहादत को नमन करने हेतु दिनांक 08/05/2026 दिन शुक्रवार को ग्रुप केन्द्र, सीआरपीएफ, नीमच के श्री सुभाष यादव, सहायक कमाण्डेंट तथा श्री रोहतास कुमार, सहायक कमाण्डेंट ने वीर बलिदानी के गृह निवास पहुँचकर शहीद के सम्मान में उनके गृह निवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर स्थानीय नेता, सिविल पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा परिजनों की सादर उपस्थिति में, सीआरपीएफ की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुये उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई। सीआरपीएफ द्वारा वीर बलिदानी के परिजनों को आश्वासित किया गया कि वे सीआरपीएफ परिवार का अभिन्न हिस्सा है और साथ ही उन्हे यह भी भरोसा दिलाया गया कि उनके हरेक सुख-दुख में सीआरपीएफ सदैव उनके साथ खड़ी है और सीआरपीएफ इन वीर बलिदानियों के परिवाजनों के हर संभव सहयोग/सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। शहीद के परिजनों के प्रति अपनत्व एवं कृतज्ञता प्रकट करना एवं उन्हें खुशहाल देखना ही सही मायने में शहीदों के प्रति सम्मान है।

## नपा का नवाचार : गंदगी से सरोबार रहने वाली बैक लाइन बनीं बच्चों के खेल का मैदान

▸ **नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने निरीक्षण कर बैडमिंटन भी खेला**

नीमच। अनेक बंगला क्षेत्र और नपा के आधीपत्य वाली कॉलोनीयों मैं मकान के पीछे वाली बेक लाइन का उपयोग अब तक अनेक रहवासी कचरा फेंकने व गंदे पानी की निकासी के लिए करते थे जिससे बैकलाइन गंदगी से सरोबार रहती थी किंतु नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया की नवाचार वाली सोच ने गंदगी से परिपूर्ण रहने वाली बेक लाइन को एक सुंदर रूप देना प्रारंभ कर दिया है। वार्ड क्रमांक 34 के बंगला नंबर 40 में ऐसा ही अभिनव प्रयोग किया गया है जिसके तहत बेक लाइन को साफ- सुथरा व समतल कर दीवारों पर सुंदर पेंटिंग की गई है जहां अब छोटे बच्चे बैडमिंटन व अन्य गेम खेलते नजर आते हैं।

शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित व वार्ड क्रमांक 34 की पार्षद श्रीमती शारदा दीपक पाटनी के साथ बेक लाइन का निरीक्षण किया ओर स्वास्थ्य सभापति श्री पुरोहित तथा बच्चों के साथ बैडमिंटन भी खेला।

श्रीमती चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि हमने मकानो की बेकलाइन को गंदगी से मुक्त कर सुंदर रूप देने का प्रयास प्रारंभ किया है और इस नवाचार के चलते बेक लाइन अब बच्चों के खेलने का सुंदर स्थान बन चुकी है जहां मोबाइल में व्यस्त रहने वाले बच्चों को घर से बाहर निकालकर खेलने का एक अच्छा स्थान प्रदान किया गया है। श्रीमती चोपड़ा ने शहर वासियों से कचरा सड़क पर या नाली में ना फेंकते हुए कचरा गाड़ी में ही डालने का अनुरोध करते हुए कहा कि आप सब के सहयोग से ही शहर स्वच्छ व सुंदर बन सकेगा।



## स्थापना दिवस पर जल मंदिर का होगा उद्घाटन प्रतिभा का होगा सम्मान

**नीमच।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के स्थापना दिवस 11 मई को नीमच की लाल माटी की धारा पर होंगे भव्य आयोजन अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के अध्यक्ष विश्वास मंडवारिया ने बताया कि 11 मई को शाम 6 बजे पोरवाल समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का जिन्होंने 85% से अधिक अंक प्राप्त किया उनका सम्मान समारोह एवं भीषण गर्मी को देखते हुए जल मंदिर का उद्घाटन दीनदयाल वाटिका इंदिरा नगर नीमच में आयोजित किया गया है कार्यक्रम में अखिल भारतीय पोरवाल महासभा संरक्षक बंशीलाल धनोतिया एडवोकेट नीमच क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार। नीमच समाज सेवी सन्तोष चोपड़ा नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन पप्पू भैया अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल जिला अध्यक्ष प्रकाश मंडवारिया पोरवाल समाज अध्यक्ष शांतिलाल गुप्ता एल्डरमैन पोरवाल महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता डपकरा पार्षद वार्ड क्रमांक 9 हरगोविंद दीवान की गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न होगा

## आजीविका मिशन से बदली खानखेड़ी की तस्वीर राधा बैरागी बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

**नीमच।** मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रयासों से नीमच जिले से करीब 70 किमी दूर मनासा विकासखण्ड के ग्राम खानखेड़ी की महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। वर्ष 2018 में मिशन द्वारा महिलाओं को घर से बाहर निकालकर समूह में संगठित करने की मुहिम शुरू की गई थी, जिसका परिणाम आज ग्राम में 24 महिला स्वयं सहायता समूहों के रूप में सामने है।

**राधा बैरागी बनीं प्रेरणास्त्रोत:** ग्राम पंचायत खानखेड़ी के 'राधे राधे' स्व सहायता समूह की सदस्य राधा बैरागी ने समूह एवं बैंक से ऋण लेकर मनिहारी की दुकान प्रारंभ की। वर्ष 2023 में उन्होंने स्वयं की साड़ी की दुकान एवं जनरल स्टोर शुरू किया, जिससे उन्हें प्रतिदिन 540 रूपये की आय हो रही है।

कृषि कार्य में भी परिवारजन उनका सहयोग करते हैं। अन्य महिलाओं को प्रेरित कर रहीं हैं। राधा बैरागी पढ़ी-लिखी महिलाओं को घर से बाहर आकर अपने पैरों पर खड़ा होने एवं आजीविका गतिविधि शुरू करने हेतु प्रेरित कर रही हैं। वे महिला सशक्तिकरण की दिशा में सतत प्रयासरत हैं।



**समूह को मिला वित्तीय सहयोग:** राधा बैरागी के समूह के सदस्यों ने रिवॉल्विंग फंड से 20 हजार सीआईएफ से एक लाख रूपये एवं 6 लाख रूपये एवं स्वयं की बचत राशि का उपयोग, कृषि कार्य, किराना दुकान, पशुपालन जैसी आय अर्जन गतिविधियों में किया है। ग्राम खानखेड़ी में 2018 से पूर्व कोई स्वयं सहायता समूह नहीं था। आज संगठनात्मक पहल से महिलाओं के साथ-साथ ग्राम में सुविधाओं का भी विस्तार हुआ है।

**एक नजर** | आचार्य शांति सागर जी महाराज सड़क नामकरण लोकार्पण समारोह आज

## धर्म के सिद्धांत संकट में सच्चा सुख देने वाले होते हैं : सुप्रभ सागर महाराज

**नीमच। धार्मिक सिद्धांतों का पालन करने से वैसे तो जीवन में संकट आते ही नहीं है, फिर भी कभी संकट आ भी जाए तो धार्मिक सिद्धांत हमारी रक्षा करते हैं। इसलिए पाप कर्मों का त्याग कर धार्मिक सिद्धांतों का पालन करना चाहिए तभी हमारी आत्मा का कल्याण हो सकता है।**

धर्म के मार्ग में कष्ट अवश्य आते हैं लेकिन वह पुण्यकारी फल दे जाते हैं। यह बात सुप्रभ सागर जी महाराज ने कहीं। वे दिगंबर जैन समाज नीमच द्वारा पुस्तक बाजार में नवनिर्मित संत आवास के लोकार्पण के निमित्त दिगंबर जैन मंदिर सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्म के समान पुण्य फल संसार हमें कोई और नहीं दे सकता है। यदि कोई व्यक्ति हमें पाप का पाप कर्म करने से रोकता है तो वह हमारा सच्चा मित्र हो सकता है। आधुनिक युग में गलत कार्यों को रोकना बहुत कठिन कार्य होता है। क्योंकि संसार में पढ़े-लिखे ज्ञानी मूर्ख बहुत है उन्हें नैतिक व्यावहारिक संस्कारों का ज्ञान नहीं होता है। ग्रामीण व्यक्ति यातायात पुलिस का सम्मान कर सड़क के नियमों का पालन करेगा लेकिन शहर के शिक्षित व्यक्ति कई बार नियमों का उल्लंघन कर देते हैं चिंतन का विषय है। मीडिया प्रभारी अमन विनायका ने बताया कि इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज नीमच के तत्वाधान में 108 मुनि श्री वैराग्य सागर जी महाराज, 108 मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज की निश्रा में 10 मई रविवार को सुबह 9 बजे शांति धारा के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित आचार्य शांति सागर मार्ग की सड़क का लोकार्पण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद एवं दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारीयों सहित अनेक आमंत्रित अतिथि भी उपस्थित होंगे। धर्म सभा में इस अवसर पर समाज जनों ने संत मुनि श्री को श्रीफल भेंट व चरण वंदन कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

